आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 15.11.2025 समय : 02.10pm

जनजातीय गौरव दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के दौरे पर हैं। वे वहां नर्मदा ज़िले के डेडियापाड़ा में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग ले रहे हे। यह समारोह महान आदिवासी नेता और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर हो रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी 9 हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा के लिए गुजरात के सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया। भारत की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में से एक यह रेल कॉरीडोर लगभग 508 किलोमीटर लंबा है। इसमें गुजरात और दादरा और नगर हवेली में 352 किलोमीटर और महाराष्ट्र में 156 किलोमीटर शामिल हैं।

गौरव दिवस–प्रदेश

प्रदेश में भी आज जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस समारोह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात से संबोधित करेंगे। यहाँ जिलों से निकलने वाली जनजातीय गौरव रथ यात्राओं का समागम होगा। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन जिले के नारायणपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आलीराजपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय 'जनजातीय गौरव दिवस समारोह' में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा और जनजातीय नायक छीतू किराड़ की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि और समुदाय के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अदम्य साहस और शौर्य के साथ सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

आकाशवाणी संगीत सम्मेलन

आकाशवाणी भोपाल द्वारा आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन आज भोपाल में किया जा रहा हैं। यह आयोजन शाम साढ़े 6 बजे टीटी नगर स्थित समन्वय भवन में किया जाएगा। समारोह में नई दिल्ली के वायलिन वादन पं. संतोष नाहर और जम्मू की ग़ज़ल गायन डॉ. दीपाली वात्तल अपनी प्रस्तुती देगें। इसमें सभी के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

मौसम

राज्य में शीतलहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड के हालात बन गए हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और जबलपुर संभाग में सुबह–शाम सर्द हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग का कहना है कि आज और कल ठंड का ज्यादा असर रहेगा, जबकि 17 नवंबर से रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी की संभावना है। फिलहाल लोगों को ठंड से बचाव रखने, सुबह जल्दी बाहर न निकलने, बुजुर्गों और बच्चों की विशेष देखभाल करने की सलाह दी गई है।

तीरंदाजी

अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाडी बन गए हैं। ढाका में अंकिता ने ओलंपिक रजत पदक विजेता नाम सु–ह्योन को 7–3 से हराकर यह गौरव हासिल किया। इसके बाद धीरज ने फाइनल में राहुल को 6–2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। चैंपियनशिप में भारत में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वहीं कुमामोटो मास्टर्स जापान बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन जापान के केंटा निशिमोटो से संघर्षपूर्ण मुकाबले में से हार गए हैं।